an>

Title: Drought situation in Bundelkhand region of Uttar Pradesh and Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रपाल सिंह यादव (झांसी) : माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश का बुन्देलखंड क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। वहां आज भी गरीबी, भुखमरी और लाचारी है। [MSOffice22]

वहां पर कोई उद्योग धंधा नहीं है, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। पिछले तीन बरस से लगातार वहां सूखे के कारण पीने के पानी की समस्या पैदा हो गई है। कुओं में, हैंडपम्प्स में और तालाबों में पानी नहीं है। बांधों में जो पानी आता था, अधिकारियों की लापरवाही के कारण वहां भी पानी नहीं है। लोग दस-दस किलोमीटर दूर बैलगाड़ी से जाकर पानी लाते हैं। इन परिस्थितियों में लोगों का जीना दूभर हो गया है। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि पिछले तीन बरस से वर्षा न होने के कारण जो किसान खेती करते हैं, उनके खेतों में एक दाना भी पैदा नहीं हुआ है और वे लोग सिर्फ खेती पर ही आधारित हैं। इस कारण लोग वहां से पलायन कर रहे हैं। बुंदेलखंड की 90 प्रतिशत भूमि सूखी पड़ी है, जिसमें कुछ भी पैदा नहीं हुआ है। वहां के 100-100 बीघा खेत वाले काश्तकार भी दिल्ली, लखनऊ और कानपुर में जाकर रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पेट भरने को मजबूर हो गए हैं। इस हालत में वहां के किसानों के पास आत्महत्या करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है, क्योंकि कर्ज का बोझ भी उन पर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसलिए दुख और परेशानी की हालत में वे इस रास्ते पर जा रहे हैं। मैं समझता हूं वहां प्रतिदिन चार-पांच मौतें निश्चितरूप से हो जाती हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इन आंकड़ों को छिपाया जा रहा है, जिस कारण लोगों की मृत्यु की खबर सामने नहीं आ पाती। मैं केन्द्र सरकार से कहना चाहता हूं कि जिन किसानों के ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है, उनके कर्ज को माफ किया जाए। हमने पिछले सत्र के दौरान प्रधान मंत्री जी से दो बार मिलकर इस बात का निवेदन किया था कि उस क्षेत्र में सूखे से फैली भुखमरी पर वह गौर करें। मैं समझता हूं केन्द्र सरकार ने इस मामले पर कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई, जिससे वहां के किसान भुखमरी के शिकार हो रहे हैं और मजबूरी में आत्महत्या कर रहे हैं। बुंदेलखंड में झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बांदा, महोबा और मध्य प्रदेश से लगा हुआ जो एरिया है, उसके साथ-साथ इलाहाबाद के मेजा, करछना और चित्रकूट जनपद में लोग भयंकर सूखे से पीड़ित होकर उसकी चपेट में आ गए हैं। इसलिए सरकार संवेदनशीलता दिखाए और बुंदेलखंड का इलाका, जो मध्य प्रदेश में भी आता है, उसमें सूखे से जूझ रहे लोगों के लिए राहत देने का काम करे, क्योंकि वहां के लोग भी आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। मैं इस अति लोक महत्व के प्रश्न पर आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह घोषणा करे कि बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा और वहां के लोगों को राहत दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाएगा। इसके साथ ही मैं यह भी चाहता हूं कि केन्द्र सरकार तुंत विशेष पैकेज बुंदेलखंड को उपलब्ध कराकर वहां ठप पड़े विकास के कार्यों को पुनः प्रारम्भ कराए। राज्य सरकार के पास पैसा नहीं है। लोगों की जान बचाने के लिए, लोगों को रोजगार दिलाने के लिए, उन्हें रोटी और पीने का पानी मिल सके, इसके लिए केन्द्र सरकार तुंत ठोस कार्य करे। इसलिए वहां तुंत युद्ध स्तर पर राहत कार्य शुरू कराया जाए और सरकार सदन में आश्वासन दे, जिससे हम अपने क्षेत्र के लोगों को उसकी जानकारी दे सकें।

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : अध्यक्ष महोदय, मैं भी अपने को इस विषय के साथ सम्बद्ध करता हूं।

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : मैं भी अपने को इस विषय के साथ सम्बद्ध करता हूं। मंत्री महोदय को सदन को जानकारी देनी चाहिए।

MR. SPEAKER: You are deliberately creating problem. I cannot compel the Minister to reply.

...(*Interruptions*)

श्री चन्द्रपाल सिंह यादव : वहां लोग भूख से मर रहे हैं, पीने का पानी नहीं होने की वजह से लोगों की जान जा रही है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have said that. I have given you an opportunity and you have made a very forceful presentation.

...(*Interruptions*)

श्री चन्द्रपाल सिंह यादव : हम लोगों को सरकार द्वारा आश्वासन नहीं दिया गया कि वहां कब राहत कार्य शुरू होंगे...(व्यवधान)

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): अध्यक्ष जी, मैं भी अपने को इस विषय के साथ सम्बद्ध करता हूं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I am sure when I allow matters to be raised, they are important matters and it is expected that the Government will take note of this.[R23]

This procedure is not there that anybody raising an issue and immediately the Ministers have to respond. आप लोग जानते हैं, नये मैम्बर्स नहीं जानते हैं। आप लोग बैठ जाइये। Please do not create problem. आपको मैंने अलॉऊ किया है। यह नया तरीका चल रहा है कि जो मन में आता है करते हैं।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is not being recorded.

(Interruptions) â€¦*